# कोविड-19 वैक्सीन के संदर्भ में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**लक्षित समूह: आम जनता**

| **क्र. सं.** | **सवाल** | **संभावित जवाब** |
|---|---|---|
| 1. | क्या कोविड की कोई वैक्सीन जल्द आने वाली है? | जी हां, वैक्सीन का परीक्षण अंतिम चरण में है। भारत सरकार जल्द ही कोविड19 की वैक्सीन लांच कर सकती है। इसके बारे में अधिक जानकारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट www.mohfw.gov.in के माध्यम से ली जा सकती है। |
| 2. | क्या कोविड वैक्सीन हर किसी को दी जाएगी? | वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर भारत सरकार ने प्राथमिकता वाले समूहों का चयन किया है, जिन्हें अधिक जोखिम होने की वजह से वैक्सीन पहले लगायी जायेगी।<br><br>पहले समूह में हेल्थकेयर एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स शामिल हैं। दूसरे समूह में 50 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति और 50 वर्ष से कम आयु के गंभीर रोगों से ग्रस्त व्यक्ति शामिल होंगे, जिन्हें कोविड-19 वैक्सीन लगायी जायेगी। |
| 3. | क्या वैक्सीन लगवाना अनिवार्य है? | कोविड-**19** की वैक्सीन लगवाना स्वैच्छिक है। हालांकि, इस बीमारी से बचाव और यह बीमारी परिवार के सदस्यों, दोस्तों, रिश्तेदारों और सहकर्मियों सहित करीबी लोगों तक न पहुंचे, इसके लिए कोविड-**19** वैक्सीन की पूरी खुराक लगवाने की सलाह दी जाती है। |
| 4. | वैक्सीन का अभी परीक्षण चल रहा है और इसे काफी कम समय में पेश किया जा रहा है, तो क्या यह वैक्सीन सुरक्षित रहेगी? | नियामक निकायों द्वारा इसकी सुरक्षा एवं प्रभावकारिता को जांचने के बाद ही देश में वैक्सीन को मंज़ूरी दी जाएगी। |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | क्या किसी ऐसे व्यक्ति को वैक्सीन लगाई जा सकती है, जिसे कोविड हो या होने की संभावना हो? | कोविड-**19** संक्रमण वाले या होने की संभावना वाले व्यक्ति से टीकाकरण स्थल पर मौजूद दूसरे लोगों को संक्रमण फैलने का खतरा हो सकता है। इस कारण से, संक्रमित व्यक्तियों के ठीक होने तक टीकाकरण को **14** दिनों के लिए टाल देना चाहिए। |
| 6. | क्या कोविड से ठीक हो चुके व्यक्ति को भी वैक्सीन लगवाने की आवश्यकता है? | हां, यदि पूर्व में कभी कोविड संक्रमण हो चुका है तब भी कोविड19 वैक्सीन की पूरी खुराक लेने की सलाह दी जाती है। यह बीमारी के खिलाफ मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया विकसित करने में मदद करेगी। |
| 7. | अभी उपलब्ध कई वैक्सीन में से, एक या एक से अधिक वैक्सीन को कैसे चुना जाता है? | किसी वैक्सीन को लाइसेंस देने से पहले हमारे देश के ड्रग रेगुलेटर द्वारा वैक्सीन प्रतिभागियों पर किए गए क्लीनिकल परीक्षणों के प्राप्त डेटा से उसकी सुरक्षा एवं प्रभावकारिता की पुष्टि की जाती है। इसलिए जिन भी कोविड वैक्सीन को लाइसेंस दिया गया है वह सभी सुरक्षित और प्रभावी होगीं। हालांकि, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि टीकाकरण के दौरान केवल एक प्रकार की वैक्सीन की पूरी ख़ुराक दी जाये, क्योंकि कोविड-19 की उपलब्ध कई वैक्सीन में अदला-बदली नहीं की जा सकती। |
| 8. | क्या भारत कोविड वैक्सीन को **+2** से **+8** डिग्री सेल्सियस के तापमान पर स्टोर करने और इस आवश्यक तापमान पर उनको दूसरी जगह पहुंचा पाने में सक्षम है? | भारत **26** मिलियन से अधिक नवजात शिशुओं और **29** मिलियन गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की जरूरतों को पूरा करने हेतु दुनिया में सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम चलाता है। देश की आबादी की जरुरतों को प्रभावी ढंग से पूरा करने हेतु इस कार्यक्रम के तंत्र को मजबूत / तैयार किया जा रहा है। |
| 9. | क्या भारत में लॉन्च की गई वैक्सीन, दूसरे देशों में पेश की गई वैक्सीन जितनी ही प्रभावी होगी? | हाँ। भारत में शुरू की गई कोविड-**19** वैक्सीन अन्य देशों द्वारा विकसित किसी भी वैक्सीन जितनी ही प्रभावी होगी इसकी सुरक्षा एवं प्रभावकारिता सुनिश्चित करने हेतु वैक्सीन का विभिन्न चरणों में परीक्षण किया जाता है। |
| 10. | मुझे कैसे पता चलेगा कि मैं टीकाकरण हेतु पात्र हूं? | शुरुआती चरण में, कोविड-**19** वैक्सीन प्राथमिकता समूह यानि हेल्थकेयर और फ्रंटलाइन वर्कर्स को ही दी जाएगी। |

| | | |
|---|---|---|
| | | वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर **50** से अधिक आयु वर्ग को भी इसमें शामिल किया जा सकता है।<br><br>पात्र लाभार्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से टीकाकरण करने वाली स्वास्थ्य सुविधा और इसके निर्धारित समय के बारे में सूचित किया जाएगा। इससे लाभार्थियों को पंजीकरण करने और टीकाकरण में कोई असुविधा नहीं होगी। |
| 11. | क्या कोई व्यक्ति स्वास्थ्य विभाग में पंजीकरण के बिना कोविड वैक्सीन प्राप्त कर सकता है**?** | नहीं**,** कोविड टीकाकरण के लिए लाभार्थी का पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीकरण के बाद ही टीकाकरण स्थल और समय की जानकारी लाभार्थी के साथ साझा की जायेगी। |
| 12. | पात्र लाभार्थी के पंजीकरण हेतु कौन-से दस्तावेज आवश्यक हैं**?** | पंजीकरण के समय फोटो लगी हुई नीचे दी गई कोई भी आईडी दी जा सकती है:<br>• आधार कार्ड<br>• ड्राइविंग लाइसेंस<br>• श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी किया गया स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड<br>• महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) जॉब कार्ड<br>• सांसदों / विधायकों / एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र<br>• पैन कार्ड<br>• बैंक / डाकघर द्वारा जारी पासबुक<br>• पासपोर्ट<br>• पेंशन दस्तावेज़<br>• केंद्र / राज्य सरकार / सार्वजनिक उपक्रमों / सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोग्राफ के साथ सेवा पहचान पत्र<br>• मतदाता पहचान पत्र<br>• एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड |

| | | |
|---|---|---|
| 13. | क्या पंजीकरण के समय फोटो / आईडी देना अनिवार्य होगा? | पंजीकरण के समय फोटो आईडी देना अनिवार्य होगा और टीकाकरण के समय इसे सत्यापित किया जाना चाहिए। |
| 14. | यदि कोई व्यक्ति टीकाकरण स्थल पर फोटो आईडी देने में सक्षम नहीं है, तो उसे वैक्सीन लगायी जायेगी या नहीं? | फोटो आईडी टीकाकरण स्थल पर लाभार्थी के पंजीकरण और सत्यापन दोनों के लिए जरूरी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वैक्सीन पंजीकृत व्यक्ति को ही लगाया गया है। |
| 15. | लाभार्थी को टीकाकरण की तय तारीख के बारे में जानकारी कैसे मिलेगी? | ऑनलाइन पंजीकरण के बाद, लाभार्थी को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर तय तारीख, स्थान और टीकाकरण के समय का एसएमएस मिलेगा। |
| 16. | क्या टीकाकरण के लाभार्थियों को टीकाकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनके टीकाकरण की स्थिति की जानकारी दी जाएगी? | हाँ। कोविड-19 वैक्सीन की उचित खुराक दिये जाने के बाद, लाभार्थी को अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक एसएमएस मिलेगा।<br><br>वैक्सीन की सभी खुराक और टीकाकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक क्यूआर कोड आधारित प्रमाण पत्र भी भेजा जाएगा। |
| 17. | यदि कोई व्यक्ति कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि बीमारियों की दवा ले रहा है, तो क्या वह कोविड वैक्सीन ले सकता है? | हाँ। इनमें से किसी एक या एक से अधिक बीमारियों वाले व्यक्तियों को उच्च जोखिम श्रेणी में रखा गया है। उन्हें कोविड टीकाकरण कराने की आवश्यकता है। |
| 18. | क्या टीकाकरण केन्द्र पर किसी तरह के निवारक उपाय और सावधानियों का पालन करने की आवश्यकता है? | कोविड वैक्सीन लेने के बाद कम से कम आधे घंटे तक टीकाकरण केंद्र में ही आराम करें। यदि आपको कोई असुविधा या बेचैनी महसूस होती है, तो निकटतम स्वास्थ्य अधिकारियों / एएनएम / आशा कार्यकर्ताओं को सूचित करें।<br><br>कोविड से बचाव के लिए जरूरी उपायों का पालन करते रहें जैसे, मास्क पहनना, नियमित और अच्छे तरीके से हाथ धोते रहना और शारीरिक दूरी (छह फीट या दो गज) बनाए रखना। |

| | | |
|---|---|---|
| 19. | कोविड वैक्सीन से संभावित प्रतिकूल प्रभाव क्या है? | कोविड वैक्सीन की सुरक्षा जांच के बाद ही इसे लांच किया जाएगा अन्य टीकों की तरह ही कुछ व्यक्तियों में हल्का बुखार, दर्द आदि जैसे सामान्य प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं।<br><br>लोगों को सुरक्षित तरीके से वैक्सीन दिये जाने हेतु राज्यों से कहा गया है कि वे कोविड वैक्सीन से संबंधित किसी भी प्रकार के दुष्प्रभावों से निपटने की व्यवस्था करना शुरू कर दें। |
| 20. | मुझे वैक्सीन की कितनी खुराक और कितने अंतराल पर लेनी होगी? | किसी व्यक्ति का टीकाकरण पूरा होने हेतु **28** दिनों के अंतर पर टीकाकरण की दो खुराक ली जानी चाहिए। |
| 21. | एंटीबॉडीज कब विकसित होंगे? पहली खुराक लेने के बाद, दूसरी खुराक लेने के बाद, या इसके काफी समय बाद? | आमतौर पर कोविड-**19** वैक्सीन की दूसरी खुराक लेने के दो सप्ताह बाद एंटीबॉडीज का सुरक्षात्मक स्तर विकसित हो जाता है। |